एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
NHPC Limited
(A Government of India Navratna Enterprise)
CIN: L40101HR1975GOI032564

मानव संसाधन विभाग
Human Resource Department
एनएचपीसी ऑफिस कॉम्प्लेक्स, सैक्टर-33,
फ़रीदाबाद (हरियाणा)-121003
NHPC Office Complex, sector-33,
Faridabad (Haryana)-121003
फोन/Phone: 0129-2256551
ईमेल/Email: nhpchrir@nhpc.nic.in

संख्या:- पीडब्ल्यूए/471 (Vol-II)/ दिनांक-18.11.2025

**परिपत्र संख्या:-37/2025**

**विषय:- 01.01.1997 से प्रभावी ग्रेड E1, E2 और E2A के अधिकारियों में वेतन विसंगति को दूर करने के मामले से संबंधित– सेवानिवृत्त, सुपर एनुएटेड, अलग हुए, मृत (विधिक उत्तराधिकारी द्वारा) कार्यपालकों के लिए।**

उक्त विषयक सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि पूर्व कार्मिकों तथा उनके विधिक उत्तराधिकारियों (आश्रितों/ परिवारजनों) द्वारा Affidavit-cum-undertaking तथा अन्य वांछित दस्तावेज जमा किए जाने के उपरांत ही उनकी जाँच कर भुगतान की अग्रिम कार्रवाई हेतु वित्त विभाग को भेजा जा रहा है जिसके बाद ही Affidavit-cum-undertaking में दर्शाए गए बैंक खातों में भुगतान किया जा रहा है। इस संबंध में कुछ पूर्व कार्मिकों तथा उनके विधिक उत्तराधिकारियों (आश्रितों/ परिवारजनों) द्वारा टेलीफोन के माध्यम से यह अवगत कराया जा रहा है कि उनके मोबाइल पर एनएचपीसी की ओर से एक मेसेज प्राप्त हुआ है जिसमे एरिअर राशि के लगभग की राशि का भुगतान किए जाने की पुष्टि की गयी है जबकि उनके दस्तावेज अभी तक इस कार्यालय में प्राप्त ही नहीं हुए हैं।

अतः उपरोक्त के दृष्टिगत सभी संबंधित पूर्व कार्मिकों तथा उनके विधिक उत्तराधिकारियों (आश्रितों/ परिवारजनों) से अनुरोध है कि ऐसे किसी भी प्रकार के झूठे मेसेज/ फोन कॉल/ लिंक (link) /ओ टी पी (OTP) का यकीन न करें और इस संबंध में आरबीआई (RBI) द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों का संज्ञान लें।

18/11/2025

**(आशुतोष भण्डारी)**
**वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन)**
**औद्यौगिक संबंध एवं वेतन अनुभाग**

**वितरण:- मानक (इंट्रानेट के माध्यम से)।**